के लिए यहां कराए जाएंगे।

आईईटी परिसर में उत्तीर्ण विद्यार्थी रोप जाते हैं पौधे

लगभग 50 पौधों ने लिया वृक्षों का रूप

इंदौर ● स्वदेश समाचार
देअविवि के आईईटी परिसर में जो विद्यार्थी उत्तीर्ण होता है वह अपनी याद को ताजा रखने के लिए यहां पौधा रोप जाता है। ऐसे लगभग 50 पौधे यहां पर वृक्ष के रूप में हरियाली को सहेजते देखे जा रहे हैं।

नीम या कटहल या पीपल हो अगर उन्हें समुचित देखभाल मिले और लगाने वाला उसकी चिंता करे तो फिर उन्हें वृक्ष बनने से कोई नहीं रोक सकता। ऐसा ही देअविवि के खंडवा रोड स्थित आईईटी में देखा जा रहा है। जानकारी के मुताबिक जो विद्यार्थी अंतिम वर्ष में उत्तीर्ण होते हैं वे जाते हुए संस्थान के प्रति अपनी जिम्मेदारी और स्नेह के चलते यहां अब पौधे लगा जाते हैं। बीई और एमई के 500 से अधिक विद्यार्थियों ने यहां पर बीते 4-5 सालों में ऐसे पौधे रोपे हैं जो अब वृक्ष का रूप लेते जा रहे हैं।

कभी-कभी आते हैं देखने- यहां के विद्यार्थी उत्तीर्ण होकर अधिकतर तो बाहर ही निकल जाते हैं लेकिन जब शहर में लौटते हैं तो यहां की याद उन्हें खींच लाती है। यहां विद्यार्थी अपने लगाए हुए पौधे को देखकर बड़े खुश होते हैं। इस परिसर में लगभग ऐसे 50 से अधिक पौधे अब वृक्ष का रूप ले चुके हैं। आईईटी में मैकेनिकल विभागाध्यक्ष डॉ. प्रो. अशेष तिवारी का कहना है कि, इस प्रयास को और बढ़ा रहे हैं। अधिक से अधिक पौधों को उत्तीर्ण विद्यार्थियों से लगवाएंगे ताकि परिसर और आसपास का वातावरण पर्यावरण की दृष्टि से और बेहतर हो।